
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# मुनस्यारी में तेज बारिश ने मचाई भीषण तबाही

**कहर**

## क्षेत्र के ग्रामीण दहशत के साये में रात बिताने को हुए मजबूर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुनस्यारी के गांवों में रात्रि में हुई लगातार भारी बारिश ने गांवों में भीषण तबाही मचाही है। सीमांत तहसील में भारी बारिश का कहर काफी उफान पर है। लगातार हो रही बारिश ने तहसील के किसी भी गांव को नही छोड़ा है। जगह जगह काफी नुकसान होने के समाचार मिले है।

जानकारी के मुताबिक भीषण बारिश के चलते मुनस्यारी के बलौटा रांथी धापा में भारी नुकसान होने के समाचार मिले है। क्षेत्र के तीनों गांवों के घरों में भारी मात्रा में मलबा पानी घुसने से ग्रामीणों का राशन कपड़े आदि सामान खराब हो गया है। जहां एक ओर आवासीय घरों को अलग से खतरा पैदा हुआ है वही क्षेत्र के ग्रामीण दहशत के साये में रात बिताने को मजबूर हो चुके है। हिम नगरी मुनस्यारी के गांव काफी ज्यादा खतरे की जद में आ चुके है। क्षेत्र में कई पैदल मार्ग,रास्ते,मोटर–मार्ग



व पुल बह चुके है। लगातार भारी बारिश का कहर जारी रहने से क्षेत्र में बह रहे उफानी नाले व व गधेरों ने विकराल रूप ले लिया है। ऐसे में क्षेत्र में आपदा का खतरा मंडरा रहा है। मुनस्यारी के कूवाधार,जैती, गोरीपार,चौना आदि गांवों के आवासीय भवनों में खतरा पैदा हो गया है। वही अन्य दर्जनों सड़कों के बंद होने से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गामीणों में आपदा का भय बना हुआ है। मुनस्यारी का यह क्षेत्र चीन सीमा से लगी सीमा से जुड़ा हुआ है। लोगों में ऐसे समय में खासा डर का माहौल बरकरार है। बीआरओ की सड़क से जुडे पास के गांवों में काफी नुकसान होने के समाचार भी मिले है। ग्रामीणों में बीआरओ व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश देखने को मिला है।

क्षेत्र के लोगों ने प्रशासनिक मदद की गुहार लगाई है। इस मामले पर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को मौके पर सूचना दिये जाने के समाचार मिले है।

### जिला प्रशासन हुआ सक्रिय

मुनस्यारी में आपदा की भीषण घटना के घटने के बाद जिले के जिलाधिकारी डां विजय कुमार जोगदडे ने मौके पर धारचूला के उपजिलाधिकरी एके शुक्ला व तहसीलदार को मुंसयारी के धापा व चौना नामक गांवों में आपदा से प्रभावित हुए गांववालों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने व उन्हे राशन व खाधान्न आपूर्ति कराने के लिए भेज दिया है। एनडीआरफ टीम को राहत व बचाव के लिए क्षेत्र में भेज दिया गया है। डीएम ने कहा है कि जमीदोज हो चुके क्षेत्र के आवसीय मकानों में रहने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होने दी जायेगी।

लोगों ने इस मामले पर मौके पर जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदड़े को भी क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण नुकसान की सूचना दे दी है।

## न्यूज डायरी

### हेरिटेज एविएशन विमान के हवाई सेवा शुरू करने पर संशय बरकरार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। हेरिटेज एविएशन का विमान बीस मार्च को रनवे में फिसलने के बाद से जिले के नैनी सैनी एयर पोर्ट में खड़ा रह गया। ऐसे हालातों में इस विमान के उड़ान सेवा शुरू होने पर संशय का खतरा मंडरा रहा है। अब तक स्थानीय प्रशासन को इसकी सेवा शुरू होने की जानकारी तक नही मिल पाई है। दूसरी ओर हेरिटेज की साइड ने भी काम करना बंद कर दिया है। वही अभी भी इस सेवा के शुरू होने में सवाल खड़े होने शुरू होने लगे है।

### जिले में भाजपा पार्टी के 36 कार्यकर्ता किये गये होम क्वारंटाइन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। हल्द्वानी से जिला मुख्यालय पहुंचे बीजेपी पार्टी के प्रदेश महामंत्री की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद जिले के तमाम पार्टी की बैठकों में शामिल हुए छत्तीस पार्टी कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन ने होम क्वारंटाइन में भेज दिया है। वही ये सभी कार्यकर्ता 14 दिन क्वारंटाइन में रहेगें। जिले में बीजेपी कार्यकर्ताओं में अफरा तफरी का माहौल बनता नजर आ रहा है।

### जनपद मुख्यालय के साइबर कैफे संचालक की रिपोर्ट आई पाजिटिव

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले मुख्यालय के बिसाड निवासी साइबर कैफे संचालक ललित बिष्ट नामक युवक की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। युवक की रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद जिले के पांडे गांव जहां पर युवक दुकान चला रहा था वहा अफरा तफरी का माहौल बरकरार है। डीडीहाट के बाद जिला मुख्यालय में पहली बार कोई दुकानदार कोरोना संक्रमित पाया गया है। युवक की ट्रेवल हिस्ट्री का ब्यौरा खंगालने में प्रशासन जुटा हुआ है। युवक को जिले के बेस अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।


### कोविड–19 के कारण जनपद में प्रवासियों का वृहत स्तर पर आगमन हुआ

**संवाददाता** नई टिहरी। कोरोना वायरस कोविड–19 के कारण जनपद में प्रवासियों का वृहत स्तर पर आगमन हुआ है। प्रवासियों को स्वजोगर से जोड़ने के लिए उन्नत और प्रभावशाली कृषि, पशुपालन इत्यादि भी आवश्यक है। ताकि कम समय और कम लागत में अधिक उपज प्राप्त हो सके। इसी के दृष्टिगत जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल निरंतर ऐसी संभावनाओं का जायजा लेकर धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे है। जिसमे मृदा परीक्षण लैब, प्लांट हेल्थ क्लीनिक, मशरूम यूनिट, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, हर्बल प्रोसेसिंग इत्यादि शामिल है।



## जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जगत मर्तोलिया तक पहुंची सूचना

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील मुनस्यारी के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने गांवों में हुई देर रात्रि भीषण बारिश के चलते हुए नुकसान की रिपोर्ट की सूचना जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलया को भी दे दी है। मर्तोलिया ने बीआरो व लोक निर्माण विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग उठाई है। हिम नगरी मुनस्यारी में आपदा पीड़ितों के घरों में घुसे भारी मलबे व पानी के कारण उनके सामान व राशन के नुकसान होने की सुचना भेज दी है। रविवार देर सांय तक जिलाधिकारी पिथौरागढ़ डा विजय कुमार जोगदड़े ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के साथ वहां के पीड़ितों के दर्द से रूबरू हुए। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है। वही एडीएम आरडी पालीवाल भी क्षेत्र के प्रभावितों से मिले। उन्होंने भी क्षेत्र के लोगो से हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है।



# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगाः धस्माना

**संवाददाता**

प्रीतम सिंह ने उत्तरकाशी तो धस्माना के नेतृत्व में दून में हुआ प्रदर्शन

देहरादून। पेट्रोल डीजल व रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवाहन पर शुरू हुए आंदोलन के लगातार तीसरे सप्ताह आज सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ने उत्तरकाशी में प्रदर्शन का नेतृत्व किया जबकी राजधानी देहरादून में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल की महंगाई की लिखी तख्तियों व बैनर लेकर ईसी रोड स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन किया व पेट्रोल डीजल भरवाने वाले उपभोक्ताओं को पर्चे वितरित किये जिनमें यूपीए कार्यकाल में व मोदी सरकार के छह साल के कार्यकाल में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें व पेट्रोल डीजल के तुलनात्मक कीमतों के उल्लेख कर यह साबित किया गया कि मोदी सरकार के छह साल के कार्यकाल में जनता की जेब से पंद्रह लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की लूट की गई।

इस अवसर पर श्री धस्माना ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से आहवाहन किया गया कि महंगाई ,भ्रस्टाचार , राज्य में ठप्प पड़े विकास व भयंकर बेरोजगारी के खिलाफ केंद्र व राज्य की बीजेपी सरकारों के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह के आहवाहन पर राज्य व्यापी आंदोलन के लिए तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि तीन सप्ताह पूर्व पेट्रोल डीजल व रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ शुरू किया गया आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्र सरकार तेल में लूट का खेल खत्म कर जनता को राहत नहीं देती।

प्रदर्शन में प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर अंजू बाली,प्रदेश सचिव मंजू तोमर, प्रदेश सचिव परिणीता बडूनि,प्रदेश सचिव मंजू त्रिपाठी,राजेश चमोली, पूर्व पार्षद ललित भद्री ,अनुज दत्त शर्मा आदि शामिल रहे।

## तीन माह से करडा गांव में पेयजल आपूर्ति बंद, ग्रामीण में भारी आक्रोश

**संवाददाता** पुरोला। तीन माह से करडा गांव में पेयजल आपूर्ति बदं जिससे ग्रामीण में भारी आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को ग्रामीणों ने जलसंस्थान डिवजन कार्यालय पुरोला पहुंचकर अधिशासी अभियंता का घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया तथा तत्काल पेयजल पूर्ति बहाल करनें की मांग की। तहसील मुख्यालय पुरोला से 12 किमी दूरी पर स्थित करडा गांव में तीन अप्रैल से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण पीने के पानी को लेकर परेशान है व आधा किमी दूर गदेरों से गंदा पानी लाकर पीने को मजबूर है। करडा के ग्रामीणों ने एसडीएम सोहन सिंह सैनी को भी ज्ञापन देकर कहा कि गांव की ठप्प पेयजल के संबंध में जल संस्थान के कर्मचारियों व अधिकारियों को कई बार मौखिक व लिखित अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नही, जबकि बरसात के कारण आजकल स्रोतों में भी पानी की कोई समस्या नही है। किंतु मनमानी व कर्मचारियों की मिली भगत व लापरवाही के चलते कोई क्षतिग्रस्त लाईन को ठीक करनें नहीं जाता व गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाने से लोग परेशांन हैं।